जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

दिनांकः 20 फरवरी 2018

//अधिसूचना//

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में पी–एच.डी. कोर्स वर्क 2016–17 में अध्ययनरत् ऐसे छात्र/छात्राओं को अधिसूचित किया जाता है, जिन्होंने विश्वविद्यालय की अधिसूचना दिनांक 15 सितंबर, 2017 के अनुसार कोर्स वर्क का प्रश्नपत्र–3 Review of Published Research in the relevant field को संबंधित मार्गदर्शक के पास जमा नहीं किया है, उन्हें जमा करने का पुनः अवसर दिनांक 26 फरवरी, 2018 तक निम्नानुसार प्रदान किया जाता हैः–

कोर्स वर्क का प्रश्नपत्र–3 Review of Published Research in the relevant field (50 Marks/3 Credit) तीन प्रतियों में छात्रों द्वारा तैयार किया जावेगा, जिस पर छात्र एवं मार्गदर्शक के हस्ताक्षर होने के उपरान्त संबंधित शोध केन्द्र द्वारा अग्रेषित कराकर उनमें से एक प्रति श्री हरि कुमार आजाद, गोपनीय विभाग (पी.एच.डी.शाखा) में तथा एक प्रति अपने मार्गदर्शक के पास मूल्यांकन हेतु दिनांक 26 फरवरी, 2018 के सायंकाल 5.00 बजे तक जमा करायेगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1– परीक्षा नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

2– संबंधित समस्त शोध मार्गदर्शक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने मार्गदर्शन में कार्यरत शोध छात्र/छात्राओं के Review of Published Research in the relevant field (50 Marks/3 Credit) का मूल्यांकन के उपरान्त शोध छात्रों के अंक विश्वविद्यालय में दिनांक 28 फरवरी, 2018 तक श्री हरि कुमार आजाद, गोपनीय विभाग (पी–एच.डी. शाखा) के पास जमा करायेंगे।

3– अध्यक्ष, प्रवेश समिति, 2017–18, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

4– प्राचार्य, समस्त शोध केन्द्र एवं विभागाध्यक्ष/समन्वयक, अध्ययनशालायें, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

5– उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (गोपनीय),जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

6– सहायक कुलसचिव (अकादमी), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

7– श्री हरि कुमार आजाद, गोपनीय विभाग (पी–एच.डी. शाखा), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

8– श्री संजय बरतरिया, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर इस आशय के साथ कि अधिसूचना को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड करें।

उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)